II

पत्रांक–04 / HFA–10 / 2016 56 / न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

जय प्रकाश मंडल,
सरकार के विशेष सचिव,
नगर विकास एंव आवास विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना, बिहार।

पटना, दिनांक-07/09/18

विषयः– सबके लिए आवास (शहरी) योजना के अधीन राज्य के 05 नगर निकायों में योजना के कार्यान्वयन हेतु Other than SC and ST घटक में विमुक्त केन्द्रांश की राशि ₹1869.60 लाख, SC घटक में ₹410.40 लाख एवं ST घटक में ₹16.20 लाख अर्थात कुल राशि ₹2296.20 लाख (बाईस करोड़ छियानवे लाख बीस हजार रू0 मात्र) की सहायक अनुदान के रूप में वित्तीय वर्ष 2018–19 में निकासी की स्वीकृति।

आदेश– स्वीकृत।

आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "सबके लिए आवास (शहरी)" योजना का शुभारंभ दिनांक–17.06.2015 से किया गया है। इस योजना का उद्देश्य वर्ष 2022 तक शहरी क्षेत्रों में निवास कर रहे आवासविहीन परिवारों को कम से कम 30 वर्गमीटर का पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना के कार्यान्वयन हेतु मंत्रालय द्वारा मार्गदर्शिका जारी की गयी है।

मंत्रालय के पत्रांक–N-11011/32/2018-HFA-III/HFA-V-UD (Comp. No 90340332) दिनांक–07.08.2018 द्वारा राज्य के 05 नगर निकायों में योजना के कार्यान्वयन हेतु Other than SC and ST घटक में विमुक्त केन्द्रांश की राशि ₹1869.60 लाख, SC घटक में ₹410.40 लाख एवं ST घटक में ₹16.20 लाख अर्थात कुल राशि ₹2296.20 लाख (बाईस करोड़ छियानवे लाख बीस हजार रू0 मात्र) की सहायक अनुदान के रूप में वित्तीय वर्ष 2018–19 में निकासी की स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की जाती हैः–

(राशि लाख रू0 में)

क्र. सं.	नगर निकाय / परियोजना का नाम	स्वीकृत आवासीय इकाई की सं0	Other than SC & ST मद में विमुक्त केन्द्रांश की राशि	SC मद में विमुक्त केन्द्रांश की राशि	ST मद में विमुक्त केन्द्रांश की राशि
1	2	3	4	5	6
1	बनमनखी फेज–IV	1937	896.40	96.60	1.80
2	भागलपुर फेज–II	478	133.20	36.00	12.00
3	दिघवारा फेज–II	744	168.00	58.20	2.40
4	झाझा फेज–III	448	174.00	36.00	0.00
5	महुआ फेज–II	1474	498.00	183.60	0.00
		5081	**1869.60**	**410.40**	**16.20**

2. स्वीकृत राशि ₹2296.20 लाख (बाईस करोड़ छियानवे लाख बीस हजार रू0 मात्र) के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, प्रशाखा पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना होंगे, जिनके द्वारा उक्त राशि की एक मुश्त निकासी चालू वित्तीय वर्ष 2018–19 के अंतर्गत सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी तथा बिहार शहरी विकास अभिकरण (बुडा), पटना को बैंक ड्राफ्ट द्वारा उपलब्ध करा दिया जायेगा, जो आवश्यकतानुसार संबंधित नगर निकायों को RTGS के माध्यम से विमुक्त किया जायेगा। उक्त राशि की निकासी वित्त विभाग के परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17.04.98, ज्ञापांक–5193 दिनांक– 28.06.16 एवं पत्रांक–354 दिनांक–28.03.2018 के अनुदेशों के आलोक में की जायेगी।

3. राशि की निकासी किसी भी स्थिति में ए0सी0 विपत्र पर नहीं किया जायेगा। यह राशि शहरी स्थानीय निकायों को अनुदान है इसलिए राशि की निकासी (BTC) के नियम 270 TC फॉर्म 42 पर किया जायेगा। राशि की निकासी करते समय विपत्र पर विपत्र कोड अनिवार्य रूप से अंकित किया जायेगा। यह योजना नयी है, इसलिए उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त होने पर सभी संबंधित को उपयोगिता प्रमाण पत्र अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा।

4. वित्त विभाग, बिहार, पटना के परिपत्र सं.–7355 वि (2) दिनांक–05.10.07 में निहित अनुदेशों के आलोक में विषयांकित मामले में महालेखाकार, बिहार, पटना के प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

5. (i) स्वीकृत राशि ₹2296.20 लाख (बाईस करोड़ छियानवे लाख बीस हजार रू0 मात्र) में से **₹1869.60** लाख माँग/विनियोग सं0–48, मुख्य शीर्ष–2217– शहरी विकास, उप मुख्य शीर्ष–03 – छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास, लघु शीर्ष–051–निर्माण, उप शीर्ष–0203– सबके लिए आवास (शहरी) मिशन, पी0एफ0एम0एस0 कोड–1989, विषय शीर्ष 31–सहायता अनुदान–0203.31.05–सहायक अनुदान –परिसंपत्तियों के निर्माण, विपत्र कोड–48-2217030510203 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में उपबंधित अवशेष राशि 26194.187 लाख रू0 में से विकलनीय होगा।

(ii) स्वीकृत राशि ₹2296.20 लाख (बाईस करोड़ छियानवे लाख बीस हजार रू0 मात्र) में से ₹410.40 लाख माँग/विनियोग सं0–48, मुख्य शीर्ष–2217– शहरी विकास, उप मुख्य शीर्ष–03 – छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास, लघु शीर्ष–789– अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उप शीर्ष–0205– सबके लिए आवास (शहरी) मिशन, पी0एफ0एम0एस0 कोड–1989, विषय शीर्ष 31–सहायता अनुदान–0205.31.05–सहायक अनुदान –परिसंपत्तियों के निर्माण, विपत्र कोड–48-2217037890205 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में उपबंधित अवशेषर राशि 3103.80 लाख रू0 में से विकलनीय होगा।

(iii) स्वीकृत राशि ₹2296.20 लाख (बाईस करोड़ छियानवे लाख बीस हजार रू0 मात्र) में से ₹16.20 लाख माँग/विनियोग सं0–48, मुख्य शीर्ष–2217– शहरी विकास, उप मुख्य शीर्ष–03 –छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास, लघु शीर्ष–796– जन–जातीय क्षेत्रीय उप–योजना, उप शीर्ष–0203–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन, पी0एफ0एम0एस0 कोड–1989, विषय शीर्ष 31–सहायता अनुदान–0203.31.05–सहायक अनुदान –परिसंपत्तियों के निर्माण, विपत्र कोड–48-2217037960203 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018–19 में उपबंधित अवशेष राशि 16.80 लाख रू0 में से विकलनीय होगा।

6. वित्त विभाग के पत्रांक–378 दिनांक–16.01.2018 के आलोक में सहायता अनुदान की राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र स्वीकृत्यादेश की तिथि से 18 माह के अन्दर महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) बिहार, पटना के कार्यालय को अवश्य भेजा जायेगा।

7. भारतीय अंकेक्षण एवं लेखा विभाग को पुस्तकों एवं रजिस्टरों को देखने एवं जाँच पड़ताल करने का अधिकार होगा।

8. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार, विभागीय प्रधान सचिव का अनुमोदन संचिका के पृ0– 101/टि0 पर दिनांक– 05.09.2018 को प्राप्त है।

9. प्रस्ताव में विभागीय आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका के पृ0–101/टि0 पर दिनांक–.... 04.09.2018 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

05.09.18

सरकार के विशेष सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–04/HFA–10/2016 56 दिनांक– 07/09/18

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05.09.18

सरकार के विशेष सचिव।

ज्ञापांक–04/HFA–10/2016 56 दिनांक– 07/09/18

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग (बजट शाखा)/योजना एवं विकास विभाग/संबंधित नगर आयुक्त/नगर कार्यपालक पदाधिकारी/मा0 मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव/उप निदेशक, बुडा/लेखापाल, बुडा/प्रशाखा पदाधिकारी–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/लेखापाल, नगर विकास एवं आवास विभाग (दो प्रतियों में)/प्रशाखा–2(बजट), नगर विकास एवं आवास विभाग/प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग/विभागीय आई0टी0 प्रबंधक को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु/स्थानीय लेखापरीक्षक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05.09.18

सरकार के विशेष सचिव।